हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 11 अंक : 286 देहरादून, सोमवार, 08 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



चमोली जनपद के घोडा-खच्चर संचालकों को सतपाल महाराज ने दी बड़ी राहत 3

# सीएम धामी ने 'थैंक्यू मोदी जी फॉर जी-20 इन उत्तराखण्ड' का फ्लैग ऑफ किया





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 8 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोगीवाला में आयोजित मैराथन '' थैंक्यू मोदी जी फॉर जी-20 इन उत्तराखण्ड'' का फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखण्ड के लिए गर्व का विषय है कि, राज्य को जी-20 की तीन बैठकें मिली हैं। इसमें से एक बैठक का रामनगर में सफल आयोजन किया जा चुका है। उत्तराखंड को जी-20 की तीन बैठकें मिलने पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का मान-सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ा है। भारत तेजी से विश्व गुरू बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता भारत मिली है, इसकी बैठकें देश में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित की जा रही है। अपनी सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का यह हमारे पास अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। आने वाले 25 साल देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम संकल्प नये उत्तराखण्ड के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में लाने के लिए सबको एकजुट होकर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ही हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक सुभाष भट्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा, ऋषिकेश रविन्द्र राणा, कुलपति सुभारती विश्वविद्यालय प्रो. यशवर्धन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# हमारे शहीदों को यह देश हमेशा याद रखेगा : मुख्यमंत्री

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 8 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून पहुंचकर जम्मू कश्मीर में चल रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र में शहीद हुए चमोली निवासी लांस नायक रुचिन सिंह रावत एवं सिरमौर, हिमाचल प्रदेश निवासी शहीद प्रमोद नेगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले हमारे शहीदों को यह देश हमेशा याद रखेगा। राज्य सरकार हर पल सैनिक परिवारों के साथ खड़ी है।



उन्होंने कहा हमारी सरकार शहीद रुचिन सिंह रावत के परिजनों की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने परिजनों से इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की अपील की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून दिलीप कुंवर एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवनियुक्त राज्यपाल सलाहकार डॉ. के. लक्ष्मी राव ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में नवनियुक्त राज्यपाल सलाहकार (मौन पालन) डॉ. के. लक्ष्मी राव ने शिष्टाचार मुलाकात की। डॉ. लक्ष्मी राव पूर्व में केंद्रीय मौन पालन अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआरटीआई) पुणे में सहायक निदेशक रही हैं। उन्होंने पुणे विश्वविद्यालय से भारतीय शहद के पैलिनोलॉजिकल विश्लेषण पर पीएचडी की है। उन्हें मौन पालन के क्षेत्र में 30 वर्षों के शोध का अनुभव है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके 60 से अधिक रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने परियोजना अन्वेषक के रूप में भी कई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक संभाला था। इस अवसर पर राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि डॉ. लक्ष्मी राव के मौन पालन के क्षेत्र में किए गए शोध एवं अनुभवों का लाभ उत्तराखंड को अवश्य ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में मौन पालन की असीमित संभावनाएं हैं इस व्यवसाय में एक नयी क्रांति लायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मौन-पालन उत्तराखंड की आर्थिक समृद्धि का आधार बन सकता है इसके लिए सुनियोजित योजना बनाये जाने की जरूरत है।

राज्यपाल ने कहा की यहां की महिलाओं, युवाओं, पूर्व सैनिकों और उद्योग से सम्बन्धित लोगों को व्यावसायिक मौन पालन से जो ?ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मौन पालन व्यवसाय के लिए लोगों को प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा की उच्च हिमालयी क्षेत्रों के शहद की गुणवत्ता को आईआईटी रु ?की और जर्मनी की प्रयोगशालाओं में टेस्ट किया गया जिसमें बताया गया है कि यह एंटी ऑक्सीडेंट जैसे अनेकों गुणों से भरपूर है।

# प्रतिबंधित 68000 नशीले कैप्सूल के साथ 2 मेडिकल स्टोर संचालक गिरफ्तार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। देहरादून पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित नशीली दवाओं की अब तक की सबसे बडी रिकवरी करते हुए लगभग 68000 नशीले कैप्सूल/टैबलेट (ट्रामाडॉल के 56448 कैप्सूल व एल्फ्राजोलाम के 11400) के साथ 02 मेडिकल स्टोर संचालकों को किया गिरफ्तार, बरामद माल की कालाबाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रूपये ।

मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखंड महोदय के विजन 2025 ₹ड्रग फ्री देवभूमि₹ की परिकल्पना को साकार करने हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून महोदय सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए जनपद मे नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिनके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष प्रेमनगर द्वारा लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियो की धरपकड हेतु अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीमों द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के सम्बन्ध में लिप्त व्यक्तियों के सम्बन्ध में सुरागरसी-पतारसी करते हुए लगातार गोपनीय रूप से सूचनाएं एकत्रित की जा रही हैं। उक्त क्रम में दिनांकः06/07-05-23 की रात्रि पुलिस टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि सुद्धोवाला चौक के निकट वंश मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा केमिस्ट की दुकान की आड में लोगों को प्रतिबन्धित दवाएं बेची जा रही हैं। उक्त सूचना पर क्षेत्राधिकारी प्रेमनगर महोदय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा उक्त मेडीकल स्टोर पर दबिश दी गयी तो मेडीकल स्टोर संचालक व उसका भाई अपनी दुकान पर प्रतिबन्धित नशीली दवांए बेचते हुए पकडे गये। मेडीकल स्टोर की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को मेडीकल स्टोर से नशीली दवाओं की बडी खेप बरामद हुई, जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर मेडीकल स्टोर संचालक द्वारा बताया गया कि वह तथा उसका भाई दोनों केमिस्ट की दुकान चलाते हैं तथा ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में सामान्य दवाओं की आड में उक्त प्रतिबन्धित नशीली दवाओं को नशे के आदे नौजवानों को ऊंचे दामों पर बेचते हैं।

उनके पास दवाओं को बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं है।

दोनो अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध थाना प्रेमनगर में धाराः 08/22/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। बरामद प्रतिबन्धित दवाओं के बैच नम्बरों से उक्त दवाओं के निर्माता व स्त्रोतों के सम्बन्ध में जानकारी जुटाई जा रही है, अभियुक्तगणों को समय से मां0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

अभियुक्तों का विवरण :

1- कृष्ण कुमार पुत्र रमेश चन्द्र नि0 76 बल्लूपुर फ्रैण्डस कालोनी थाना कैण्ट देहरादून उम्र 42 वर्ष

2- विनय कुमार पुत्र रमेश चन्द्र नि0 76 बल्लूपुर फ्रैण्डस कालोनी थाना कैण्ट देहरादून उम्र 40 वर्ष

पूछताछ में अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम वर्ष 2013 से दवाओं को बेचने का कार्य कर रहे हैं। हमारे पास दवाओं को बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं है। उक्त प्रतिबन्धित नशीली दवाएं केवल चिकित्सक की सलाह पर ही दी जाती हैं परन्तु नशे के आदि व्यक्तियों द्वारा इन दवाओं को नशा करने के लिये प्रयोग किया जाता है.

# अजब गज़ब : 2 सहेलियों ने कचरे से बनाया इको फ्रेंडली आशियाना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 मई , भीषण गर्मी की वजह से हर कोई परेशान हो जाता है ऐसे में हमारी इस खबर में आज बायत करेंगे दो सहेलियों की जिन्होंने मिलकर एक ऐसे इको-फ्रेंडली घर का निर्माण किया है जहां तपती गर्मी में भी AC, कूलर की जरुरत नहीं है। आपको इस छोटी सी कामयाबी में उनके बड़े हौसले की खुशबु का एहसास होगा

**दो सहेलियों ने बनाया ईको-फ्रेंडली घर**

हम बात कर रहे हैं नमिता कपाले और कल्याणी भ्राम्बे की, जो महाराष्ट्र के औरंगाबाद की रहनेवाली हैं। इन दोनों सहेलियों ने मिट्टी, गोबर और प्लास्टिक बोतलों का इस्तेमाल करके इको-फ्रेंडली घर का निर्माण किया है जो भीषण गर्मी में भी AC जैसी ठंडक देगा और सर्दी में गर्म रहेगा। लोगों की तानों को सुनते हुए आखिरकार दोनों सहेलियों ने अपने सपनों का घर बनाने में सफलता हासिल की। उनके इस घर में एक गोल झोपड़ी और दो चौकोर कमरे हैं।







**12 से 13 टन प्लास्टिक का किया गया है इस्तेमाल**

पर्यावरण के अनुकूल घर बनाने के लिए नमिता और कल्याणी ने गोबर, मिट्टी और 16 हजार प्लास्टिक बोतलों का उपयोग किया है। इस घर के निर्माण में लगभग 12 से 13 टन प्लास्टिक का इस्तेमाल किया गया है। इस प्रकार के घर को बनाने में खर्च कम आता है क्योंकि सीमेंट औए ईंट से बनने वाले घरों की तुलना में इसमें लागत कम आता है। एक बार साल 2021 में नमिता और कल्याणी गोवहाटी के स्कूल गईं थीं। वहां उन्होंने देखा कि बच्चों के बैठने के लिए लकड़ी या फाइबर का नहीं बल्कि प्लास्टिक के बोतलों से कुर्सियां बनाई गई हैं। प्लास्टिक बोतलों से बनी उस कुर्सी को देखकर उन्होंने फैसला कर लिया कि वे भी ऐसे एक घर का निर्माण करेंगी।प्लास्टिक बोतलों का इस्तेमाल करके ईको-फ्रेंडली घर बनाने के लिए नमिता और कल्याणी ने अलग-अलग जगहों जैसे कूडाघर, हॉस्टल, सड़क आदि से प्लास्टिक के बोतलों को इकट्ठा करना शुरु कर दिया। उनके इस काम को देखकर लोगों ने कबाड़ीवाली कहकर उनका मजाक भी बनाया लेकीन उन्होंने लोगों की बातों को अनसुना करके अपना काम जारी रखा। उन्होंने अपने इस घर का नाम "वावर" रखा है जिसका मतलब होता है खेत या खुली जगह जहां लोग आ जा सकते हैं। पहले जो कबाड़ीवाली कहकर उनका मजाक उड़ाते थे अब वह उनके घर को देखकर उनकी तारीफ कर रहे हैं।

# विदेशी करेंसीज के सामने कहा है हमारा रुपया ? देखिये लिस्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 मई , हर देश की अपनी एक करेंसी होती है। जैसे हमारी करेंसी है रुपया। अब किस देश की करेंसी मजबूत है और किस देश की कमजोर, इसका पता एक्सचेंज रेट से लगता है। एक्सचेंज रेट बताती है कि कोई करेंसी किसी दूसरे देश की करेंसी की तुलना में कितनी कमजोर या मजबूत है। रुपया और यूएस डॉलर की बात करें, तो इस समय रुपये के लिए डॉलर की एक्सचेंज रेट 82.60 है। साल 1990 से पहले आरबीआई द्वारा एक्सचेंज रेट तय होती थी। उस समय भारत में एक फिक्स्ड एक्सचेंज रेट होती थी। लेकिन इसके कई नुकसान भी थे। इसलिए भारत में बाद में फ्लोटिंग एक्सचेंज रेट लागू हुई।

**कैसे तय होती है एक्सचेंज रेट**

एक्सचेंज रेट कई फैक्टर्स पर डिपेंड करती है। सबसे बड़ा फैक्टर डिमांड एंड सप्लाई है। जैसे-जैसे मांग बढ़ती है वैल्यू बढ़ती जाती है और मांग घटने के साथ ही वैल्यू कम हो जाती है। वैश्विक बाजार में जब डॉलर की डिमांड बढ़ती है, तो यह महंगा हो जाता है। इसे ही फ्लोटिंग एक्सचेंज रेट (Floating Exchange Rate) कहते हैं। इसके अलावा महंगाई, ब्याज दर, कैपिटल इनफ्लो, लिक्विडिटी और चालू खाता खाता भी एक्सचेंज रेट को प्रभावित करता है। आज हम आपको रुपये की एक्सचेंज रेट के बारे में बताएंगे।

**एक ऑस्ट्रेलियन डॉलर के लिए कितने रुपये देने होंगे**

वित्त मंत्रालय ने भारतीय रुपये के बराबर विदेशी करेंसी की एक इकाई की एक्सचेंज रेट लिस्ट जारी की है। यह आयात माल और निर्यात माल के लिए अलग-अलग है। आंकड़ों के अनुसार आयात माल के लिए रुपये के लिए ऑस्ट्रेलियन डॉलर की एक्सचेंज रेट 55.90 है। अर्थात एक ऑस्ट्रेलियन डॉलर के लिए 55.90 रुपये देने होंगे। इसी तरह बहरीन दीनार की एक्सचेंज रेट 223.55, कैनेडियन डॉलर की 61.15, चाइनीज युआन की 12, यूरो की 92.20 और कतरी रियाल की 23.15 है।

**रुपये की विनिमय दरें**

5 मई 2023 से प्रभावी

| भारतीय रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा की एक इकाई की विनिमय दर | आयात माल के लिए | निर्यात माल के लिए |
|---|---|---|
| आस्ट्रेलियाई डॉलर | 55.90 | 53.50 |
| बहरीन दीनार | 223.55 | 210.20 |
| कैनेडियन डॉलर | 61.15 | 59.10 |
| चाइनीज युआन | 12.00 | 11.70 |
| डेनिश क्रोनर | 12.35 | 11.95 |
| यूरो | 92.20 | 89.00 |
| हांगकांग डॉलर | 10.60 | 10.25 |
| कुवैती दीनार | 275.55 | 259.05 |
| न्यूजीलैंड डॉलर | 52.40 | 50.05 |
| नॉर्वेजियन क्रोनर | 7.75 | 7.50 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.55 | 101.15 |
| कतरी रियाल | 23.15 | 21.60 |
| सऊदी अरब रियाल | 22.50 | 21.10 |
| सिंगापुर डॉलर | 62.60 | 60.55 |
| दक्षिण अफ्रीकी रैंड | 4.65 | 4.35 |
| स्वीडिश क्रोनर | 8.10 | 7.85 |
| स्विस फ्रैंक | 94.40 | 90.80 |
| तुर्की लीरा | 4.30 | 4.05 |
| यूएई दिरहम | 22.95 | 21.60 |
| अमेरिकी डॉलर | 82.60 | 80.85 |
| जापानी येन (100 इकाईयां) | 61.75 | 59.75 |
| कोरियाई वॉन (100 इकाईयां) | 6.40 | 6.00 |

स्रोत: वित्त मंत्रालय KBK Infographics

**यूएई दिरहम के लिए देने होंगे कितने रुपये**

भारतीय रुपये के लिए अमेरिकी डॉलर की एक्सचेंज रेट आयात सामान में 82.60 है। इसी तरह यूएई दिरहम की 22.95, तुर्की लीरा की 4.30, स्विस फ्रैंक की 94.40, स्वीडिश क्रोनर की 8.10, साउथ अफ्रीकी रैंड की 4.65 और सिंगापुर डॉलर की 62.60 है।

# Personal Loan लेने से पहले जान लें ये बातें, ये हैं चार्जेस




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 मई , अगर आप भी पर्सनल लोन लेना चाहते हैं तो ये खबर आपके काम की हो सकती है. पर्सनल लोन पर बैंक कई तरह के चार्जेज लगाता है. इसमें वेरिफिकेशन चार्ज से लेकर प्रोसेसिंग फी तक शामिल होती है. इन्ही चार्जेज से बैंक भी अपनी अच्छी खासी कमाई करते हैं. अगर आप भी पर्सनल लोन लेने जा रहे हैं तो आपको इन चार्जेज के बारे में जरूर जान लेना चाहिए.वैसे तो पर्सनल लोन आपको बहुत ही कम दस्तावेजों से आधार पर अप्रूव हो जाता है. यही वजह है कि आपको अचानक जरूरत पड़ने पर ये लोन आसानी से मिल जाता है.

**पर्सनल लोन पर लगते हैं कई चार्जेज**

प्रोसेसिंग चार्ज –पर्सनल लोन लेते समय बैंक आपसे प्रोसेसिंग फीस के नाम पर तगड़ा अमाउंट चार्ज करते हैं. हर बैंक अपने ग्राहकों से अलग-अलग प्रोसेसिंग फीस चार्ज करता है. आपके टोटल लोन अमाउंट का ये 2.50% ही होता है.वेरिफिकेशन चार्ज – बैंक आपको लोने देने से पहले पूरी जांच पड़ताल करता है. इसके बाद ही आपको लोन अप्रूवल मिलता है. इसके लिए बैंक आपकी पूरी क्रेडिट हिस्ट्री को खंगालता है. इसके बाद इस वेरिफिकेशन के लिए चार्ज लेता है.EMI भूलने पर भी लगता है चार्ज- अब लोन लेने के बाद अगर आप उसकी EMI भरना भूल गए या लेट EMI भरते हैं तो बैंक उसपर भी आपसे लेट फीस चार्ज करता है.GST-लोन अप्रूवल मिलने के बाद ग्राहक को बैंक को कुछ अमाउंट GST के रूप में देना होता है.डुप्लीकेट स्टेटमेंट चार्ज –आपके लोन की भरपाई के लिए हर महीने एक स्टेटमेंट जेनेरेट होता है. अगर आप ये स्टेटमेंट खो देते हैं तो आपको दोबारा बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाना पड़ता है. इसके लिए बैंक आपसे डुप्लीकेट स्टेटमेंट चार्ज लेता है.

# महिला पहलवानों को मिले इन्साफ : ज्योति रौतेला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 8 मई , उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में अंकित हत्याकाण्ड, महंगाई, बेरोजगारी, महिला पहलवानों को न्याय दिलवाये जाने, मंत्री प्रेमचन्द द्वारा खुलेआम एक नागरिक पर हमला किये जाने के विरोध कांग्रेस मुख्यालय से सचिवालय तक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि स्वयं एक मंत्री द्वारा ऋषिकेश में एक नागरिक को खुलेआम पीटा गया यह परम्परा लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नही है उन्होंने कहा स्वयं मंत्री ने कानून की धज्जियां उडा कर सरकार की किरकिरी कराई है।

रौतेला ने कहा कि उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी हत्याकांड में भाजपा नेता की संलिप्तता तथा सत्ता के बल पर वी.आई.पी. का नाम उजागर न होने देने की घटना हो या हेमा नेगी हत्याकाण्ड, पिंकी हत्याकाण्ड, जगदीश चन्द हत्याकाण्ड, विजय वात्सल्य हत्याकाण्ड, केदार भण्डारी या विपिन रावत हत्याकाण्ड सभी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि तब कहां थे यह बजरंग दल के लोग क्यों उन्होंने प्रतिकार नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला कुश्ती खिलाडियों द्वारा लगाये गये शारीरिक शोषण के आरोपों की जांच को लेकर भारत का नाम दुनिया में रोशन करने वाले खिलाड़ी दिल्ली के जन्तर-मन्तर मे पिछले एक माह से लगातार आन्दोलन कर रहे हैं, परन्तु भाजपा की केन्द्र सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नही है अपितु अपराधी को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई हैं उत्तराखण्ड मे लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सहकारिता विभाग, विधानभा बैकडोर भर्ती सहित राज्य में हुए लगभग सभी भर्ती घोटालों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता उजागर हुई है तथा राज्य सरकार द्वारा दोषियों को लगातार संरक्षण दिया जा रहा है।








रौतेला ने कहा कि राजनैतिक प्रतिशोध और दुर्भावना से ग्रसित होकर सरकारी ऐजेंसियों का दुरूपयोग कांग्रेस नेताओं के उत्पीडन के लिए किया जा रहा है ऐसा इस देश में पहले कभी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अपने नेतां श्री राहुल गांधी के साथ खडा है तथा हम अपना संघर्ष तब तक जारी रखेंगे जब तक मोदी सरकार विपक्ष के खिलाफ इस प्रकार के षडयंत करती रहेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल, उर्मिला थापा, कोमल बोरा, संगीता गुप्ता, सविता सोनकर, मीना बिष्ट, शिवानी थपलियाल, चन्द्रकला नेगी, पुष्पा पंवार, सुशीला शर्मा, अनुराधा तिवाडी, राधा आदि उपस्थित रहे।

# चमोली जनपद के घोडा-खच्चर संचालकों को सतपाल महाराज ने दी बड़ी राहत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 8 मई , उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि केदारनाथ यात्रा में चमोली जिले के घोड़ा खच्चर-संचालकों का भी सहयोग लिया जाएगा और किसी भी सूरत में उनकी उपेक्षा नहीं की जाएगी।पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से मिलने आए घोड़ा खच्चर संचालकों के प्रतिनिधिमंडल को उन्होने आश्वस्त किया है कि उनके साथ किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होगा। उन्होने जिलाधिकारी को जनपद के घोड़ा खच्चर संचालकों के संबंध में न्यायालय में पुनर्विचार याचिका जल्द दाखिल करने के भी निर्देश दिए हैं।



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि जनपद चमोली के घोड़ा खच्चर-संचालकों को केदारनाथ यात्रा में लाइसेंस नहीं मिल पा रहे हैं जिससे उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि न्यायालय में पुनर्विचार याचिका जल्द दाखिल की जाए। श्री महाराज ने बताया कि शासन में भी इस मामले को लेकर उनकी अधिकारियों से वार्ता हुई है। बताया गया कि केदारनाथ यात्रा में घोड़े खच्चरों की सीमा का भी प्रावधान है। जिसके कारण चमोली के घोड़ा-खच्चर संचालकों को अपेक्षित तौर पर लाइसेंस जारी नहीं हो पाए हैं। पर्यटन मंत्री महाराज ने कहा कि इस मामले को लेकर डीएम रुद्रप्रयाग को साफ तौर पर निर्देश दे दिए गए हैं कि यदि इसमें दिक्कत आ रही है तो तत्काल पुनर्विचार याचिका दाखिल की जानी चाहिए।

उन्होने इसके लिए तत्काल पुनर्विचार याचिका के लिए पत्र तैयार कर शासन को भेजने के भी निर्देश दिए हैं ताकि शासन के स्तर से न्यायालय में पुनर्विचार याचिका जल्द दाखिल की जा सके। उन्होंने कहा कि चमोली के घोड़ा-खच्चर संचालकों के केदारनाथ यात्रा में कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा उन्हें भी यात्रा में भागीदार बनाया जाएगा इसलिए इस मामले में तत्काल पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी। इससे चमोली के घोड़ा खच्चर संचालकों को भविष्य में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। महाराज ने कहा कि सरकार चमोली के घोड़ा- खच्चर संचालकों के साथ खड़ी है और जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला यात्री का कीमती सामान लौटाया

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम के जानकीचट्टी में स्थित यात्री पंजीकरण और सत्यापन केंद्र में नियुक्त यात्री मित्रों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए खोजबीन कर एक महिला यात्री के छूटे हुए बैग को नकदी और मोबाइल सहित वापस लौटा दिया। जानकारी के अनुसार यमुनोत्री धाम यात्रा पर आई इंदौर मध्यप्रदेश निवासी तीर्थयात्री पुष्पा बाई का हैंड बैग यमुनोत्री धाम यात्रा के दौरान भंडेली गाड में छूट गया था, जो बैग यमुनोत्री धाम से दर्शन करने के पश्चात यमुनोत्री से जानकीचट्टी की ओर आने वाले तीर्थ यात्रियों को मिला। तीर्थ यात्रियों ने बैग राम मंदिर में स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण, सत्यापन केंद्र में तैनात यात्री मित्रों को सौंपा। बैग में दो कीमती आइफोन, 5000 रुपये करीब नगदी व यात्री के आवश्यक कागजात, दवाइयां आदि मौजूद थीं। यात्री मित्र विकास चौहान, नितिन चौहान, रोहित रावत, संतोष चौहान ने बैग में मिले कागजात के जरिए महिला यात्री के साथियों से संपर्क किया तथा बैग यात्री के साथियों को सुपुर्द किया।

### उत्तरकाशी में चल रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाई

उत्तरकाशी। नगरपालिका बाड़ाहाट क्षेत्र के अंतर्गत अवैध अतिक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेन मार्केट के अंदर ही रामलीला ग्राउंड के पीछे मंच की दीवार से सटकर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। बिना नक्शा पास कराए अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिलने के बाद एसडीएम भटवाड़ी ने फिलहाल काम रुकवा दिया है। उत्तरकाशी शहर स्थित रामलीला मैदान के पीछे मंच की दीवार से सटकर कई दिनों से अवैध निर्माण कार्य चल रहा था। बताया जा रहा है कि कुछ स्थानीय लोग यहां चुपके से दुकानों का निर्माण कर रहे थे। जहां बकायदा मजदूर लगाए गए। अवैध निर्माण की जानकारी होने के बावजूद नगरपालिका प्रशासन मौन बैठा रहा। पिलर खड़े होने के बाद के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब इसकी शिकायत जिला प्रशासन को मिली तो एसडीएम भटवाड़ी चत्तर सिंह चौहान ने पालिका को मंच के पीछे निर्माण कार्य रोकने के आदेश दिए। एसडीएम के आदेश पर राजस्व उपनिरीक्षक ने भी मौके पर जाकर काम मुआयना किया था। एसडीएम चौहान ने बताया कि रामलीला ग्राउंड के बगल में अवैध निर्माण की शिकायत मिली थी। निर्माण कार्य पर रोक लगाई है। उधर, ईओ नगरपालिका ने निर्माण की शिकायत पर कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

### भाजपा सांसदों के नेतृत्व में शुरू होगा जनसंपर्क अभियान

देहरादून। मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा सांसद राज्य में जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे। इसके तहत नए मतदाताओं के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने बताया कि 30 मई को केंद्र की भाजपा सरकार के नौ साल पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर 15 मई से 15 जून तक भाजपा संगठन द्वारा एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय किया गया यह कार्यक्रम पूरे देश में एक साथ शुरू होगा।

# दुनिया की टॉप 50 में 7 भारतीय डिशेज, क्या आपको है पसंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 मई , आपके लिए गर्व करने वाली खबर आयी है वो भी पनीर जैसी खाद्य पदार्थ की वजह से .. सोशल मीडिया पर टेस्टएटलस की ओर से एक लिस्ट जारी की गई है. दुनिया के बेस्ट पनीर डिशेज की इस टॉप 50 लिस्ट में 7 भारतीय डिश को शामिल किया गया है. जिसमें तीसरे स्थान पर शाही पनीर है.दुनिया के सबसे अमीर और ताकतवर लोगों की लिस्ट तो हम सभी ने देखी ही होगी. फिलहाल इन दिनों भारत यूजर्स के लिए एक लिस्ट सबसे खास बन गई है. जिसमें स्वाद के लिए 7 भारतीय डिश को टॉप 50 में जगह मिली है. इतना ही नहीं टॉप 10 लिस्ट में किसी दूसरे देश के बजाए सिर्फ भारत की दो डिशेज को लिस्ट किया गया है.

दरअसल टेस्टएटलस की ओर से एक लिस्ट जारी की गई है. जिसमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ पनीर व्यंजनों को शामिल किया गया है. ऐसे में इस लिस्ट में भारत का एकतरफा बोलबाला नजर आ रहा है. दरअसल अपने खान-पान और मसालेदार खानों के लिए भारत की दुनियाभर में एक अलग पहचान है. ऐसे में सोशल मीडिया पर सामने आई लिस्ट में भारत की शाही पनीर को तीसरा स्थान मिला है. जिसे देख हर कोई काफी खुश नजर आ रहा है.

**टॉप 50 में 7 भारतीय डिश**

इतना ही नहीं पनीर से बनी सर्वश्रेष्ठ डिश में चौथे स्थान पर भी भारत के पनीर टिक्का ने कब्जा किया है. वहीं इस लिस्ट में दुनिया के 50 सर्वश्रेष्ठ पनीर डिशेज को शामिल किया गया है. इसके अलावा 24 वें स्थान पर मटर पनीर, 30 वें स्थान पर पालक पनीर, 31 वें स्थान पर साग पनीर, 40 वें स्थान पर कढ़ाई पनीर तो 48 वें स्थान पर पनीर मखनी को जगह मिली है. ऐसे में इस लिस्ट में सबसे ज्यादा भारतीय डिशेज को जगह मिली है.

**लिस्ट देख खुश हुए भारतीय यूजर्स**

फिलहाल भारतीय डिशेज को चखने के बाद से ही कई विदेशी शेफ उनके दीवाने हुए हैं. ऐसे में पनीर से बनी भारतीय डिशेज को इस तरह से दुनिया में मिली अलग पहचान को देख भारतीय फैंस सोशल मीडिया पर खुश नजर आ रहे हैं. टेस्टएटलस की इस लिस्ट को सोशल मीडिया पर काफी सराहा जा रहा है. भारतीय फैंस अपनी पसंदीदा पनीर डिश को इस लिस्ट में देख अपने प्यारे रिएक्शन दे रहे हैं.



tasteatlas CURRENT RANKING (APR 2023)

**Best Cheese Dishes in the World**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Raclette | 4.7 | 26 | Kasspatzln | 4.4 |
| 2 | Saganaki | 4.7 | 27 | Mote de queso | 4.4 |
| 3 | Shahi paneer | 4.7 | 28 | Poutine | 4.3 |
| 4 | Paneer tikka | 4.7 | 29 | Obazda | 4.3 |
| 5 | Provoleta | 4.7 | 30 | Palak paneer | 4.3 |
| 6 | Focaccia di Recco col formaggio | 4.7 | 31 | Saag paneer | 4.3 |
| 7 | Khachapuri | 4.6 | 32 | Smažený sýr | 4.3 |
| 8 | Banitsa with Cheese | 4.6 | 33 | Tirokafteri | 4.3 |
| 9 | Tartiflette | 4.6 | 34 | Mămăligă cu brânză | 4.3 |
| 10 | Fondue Savoyarde | 4.6 | 35 | Gurian khachapuri | 4.3 |
| 11 | Fondue Jurassienne | 4.6 | 36 | Mozzarella Sticks | 4.2 |
| 12 | Cacio e pepe | 4.5 | 37 | Quiche au fromage | 4.2 |
| 13 | Cheese Curds | 4.5 | 38 | Cheese Fries | 4.2 |
| 14 | Aligot | 4.5 | 39 | Imeruli khachapuri | 4.2 |
| 15 | Syrniki | 4.5 | 40 | Kadai paneer | 4.2 |
| 16 | Burek sa sirom | 4.5 | 41 | Cașcaval pane | 4.2 |
| 17 | Sirnica | 4.5 | 42 | Sir i vrhnje | 4.2 |
| 18 | Tequeños | 4.5 | 43 | Svanetian khachapuri | 4.2 |
| 19 | Mingrelian khachapuri | 4.5 | 44 | Soufflé au fromage | 4.1 |
| 20 | Fondue moitié-moitié | 4.5 | 45 | Kuymak | 4.1 |
| 21 | Queso fundido | 4.4 | 46 | Cheese and Onion Pie | 4.1 |
| 22 | Käsespätzle | 4.4 | 47 | Arepa de queso | 4.1 |
| 23 | Adjarian khachapuri | 4.4 | 48 | Paneer makhani | 4.1 |
| 24 | Mattar paneer | 4.4 | 49 | Tirokroketes | 4.1 |
| 25 | Choclo con queso | 4.4 | 50 | Mămăliguță cu brânză și smântână | 4.1 |

# जनजातीय समाज पर रौशनी डालती है लेखक जय सिंह रावत की पुस्तक : धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 8 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक जय सिंह रावत ने मुलाकात कर उन्हें अपनी नवीनतम पुस्तक :"बदलते दौर से गुजरती जन जातियां" भेंट की। यह पुस्तक हाल ही में भारत सरकार के नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एन बी टी) ने प्रकाशित की है। एन बी टी द्वारा प्रकाशित की जाने वाली जय सिंह रावत की यह दूसरी पुस्तक है। दोनों ही पुस्तकें शोध ग्रन्थ हैं। लेखक जय सिंह रावत ने कहा कि इस शोध ग्रन्थ में सरसरी तौर पर भारत के सम्पूर्ण जनजातीय समाज पर रौशनी डालने का प्रयास किया है, लेकिन पूरा फोकस केवल उत्तराखंड की पांचों जनजातियों पर किया गया है। इस ग्रन्थ में उत्तराखण्ड की पांचों जनजातियों एवं उनकी उपजातियों पर विकास की प्रकृयाओं और विशेष रूप से शिक्षा तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभाव को समझने का प्रयास करने के साथ ही जनजातीय लोगों की विविध संस्कृतियां, समाज, स्थान, भाषा, लिपि, जैविक भिन्नता, शैक्षिक स्तर, विकास का प्रभाव, भोजन की आदतें, पूजा पद्धतियां और पर-




म्परागत प्रथाओं पर प्रकाश डालने का प्रयास किया है। यह ग्रन्थ लेखक के लगभग तीन दशक से अधिक समय के शोध और अध्ययन का प्रतिफल है।

## संक्षिप्त खबरें

### पति के खिलाफ तीन तलाक व दहेज उत्पीडन का मुकदमा दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने अपने पति पर शादी के बाद से मारपीट, दहेज उत्पीडऩ करने व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। महिला पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी ने उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया है। जिस पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीडन व मुस्लिम विवाह अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर दिया है। सहसपुर निवासी महिला ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसकी शादी नवाब खान पुत्र अख्यतर खान निवासी शंकरपुर हुकूमतपुर से हुई थी। शादी के बाद से पति दहेज के लिए उसका मानसिक उत्पीडऩ करता आ रहा है। यही नहीं आरोपी पति लगातार उसके साथ मारपीट कर गाली गलौज करता है और आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर उसने पुलिस हेल्प लाइन में भी अपील की। लेकिन आरोपी पति समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ और लगातार दहेज के लिए उसका उत्पीडऩ कर मारपीट करता आ रहा है। अब आरोपी पति ने उसको तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया है। जिसके बाद वह मायके में ही अपना जीवन यापन कर रही है। कब तक मायके में जीवन यापन करती रहेगी। आरोपी पति ने उसका जीवन बर्बाद कर रख दिया। थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एसआई ओमवीर सिंह को सौंप दी है।

### स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों को किया नमन

विकासनगर। स्वतंत्रता संग्राम सैनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन ने रविवार को अस्पताल रोड स्थित शहीद स्मारक आजादी के मतवालों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। 'दस बजे दस मिनट अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम अभियान के तहत प्रत्येक माह के पहले रविवार को शहीदों को नमन किया जाएगा। संगठन के सचिव सोमेंद्र टंडन ने बताया कि यह अभियान देश में भर शुरु किया गया है। देश और प्रदेश में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के स्मारक जीर्ण शीर्ण हो चुके हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। कई स्मारकों से सैनानियों के नाम मिट चुके हैं, जिससे भविष्य की पीढ़ी को अपने महानायकों की जानकारी नहीं मिलेगी। स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों की स्मृति को संजोकर रखने के लिए सरकार के स्तर पर कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। आलम यह है कि कई सैनानियों के परिजन भी अपने पूर्वजों की पहचान से अनभिज्ञ होते जा रहे हैं। कहा कि अपने महानायकों की जानकारी युवाओं तक पहुंचाने के लिए और सरकार का ध्यान स्मारकों की ओर आकृष्ट करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान अमृत लाल कश्यप, दया सागर, जगदीश चंद्र, ओम प्रकाश निकुंभ टंडन, प्रियांक, शुभम आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को HIV / AIDS जनजागरूकता अभियान से जोड़ेंगे : डॉ आर राजेश कुमार

## केन्द्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 8 मई , राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ( नाको ) ने भारत को एड्स मुक्त बनाने के लिए 95-95-95 फार्मूले के तहत रणनीति बनाई है। केंद्र सरकार की मंशा के मुताबिक 2030 तक भारत पूरी तरह से एड्स मुक्त हो जाएगा। फिलहाल देश में 24 लाख से अधिक एचआईवी पॉजिटिव मौजूद हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की टीम तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर है। अपने इस दौरे में टीम ने हरिद्वार व देहरादून जनपद में ग्रांउड जीरो पर जाकर उत्तराखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण और मूल्यांकन किया। टीम के सदस्यों ने आज स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में उत्तराखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों का संतुष्टि जाहिर करते हुए भविष्य में इसको कैसे और बेहत्तर किया जा सकता है इस पर चर्चा की। इसके साथ ही राज्य में युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर भी टीम ने चिंता जाहिर करते हुए बड़े स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने की बात कही। सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार ने टीम से कहा नशे में जागरूकता को लेकर व्यापक कार्यक्रम चलाने को लेकर संपूर्ण कार्ययोजना तैयार है जिसमें राज्य को केन्द्र के सहयोग की जरूरत है। केन्द्र स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस पर सहमति जाहिर की।





राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की टीम ने स्वास्थ्य सचिव से नई गतिविधियों और नवीनीकरण पर चर्चा की। चारधाम यात्रा में उत्तराखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी की भूमिका पर विस्तार से बात की गई। टीम ने स्वास्थ्य सचिव को अवगत कराया कि केन्द्र द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं रोकथाम जैसे सभी पहलूओं का समन्वय और देखरेख की जा रही है।

**स्वास्थ्य सचिव ने कहा नशा मुक्ति को लेकर मद्द करे केन्द्र**

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने केन्द्र से आई टीम को उत्तराखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नशा और एड्स मुक्त उत्तराखंड को लेकर युद्वस्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिसका परिणाम भी अच्छे आ रहे हैं। नशे के खिलाफ जागरूकता को लेकर संपूर्ण कार्ययोजना तैयार है जिसमें राज्य को केन्द्र के सहयोग की जरूरत है। केन्द्र स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस पर सहमति जाहिर की।

**कोरोनेशन अस्पताल में शीघ्र होगी संपूर्ण सुरक्षा केन्द्र की स्थापना**

देहरादून जिला अस्पताल कोरोनेशन में शीघ्र संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की स्थापना होगी। यह केन्द्र सिंगल विंडो सिस्टम के तहत कार्य करेगा। इसमें एचआईवी के साथ हैपोटा-ईटिस, टीबी व अन्य गंभीर बीमारियों का भी इलाज हो सकेगा। अभी तक इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस केन्द्र में मरीजों की काउसंलिग होगी। इसके साथ ही मरीजों के मेंटल, सोशल, व अन्य सामाजिक सुरक्षा के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रम स्थापित होंगे। नाको ने इसकी स्वीकृति दे दी है। कार्ययोजना की सहमति मिलते ही शीघ्र कार्य शुरू हो जायेगा।

**राज्य की सभी जेलों में चलेंगे जागरूकता कार्यक्रम**

राज्य की सभी जेलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बारे में योजना तैयार की जा रही है। जिलों में एचआईवी सहित तमाम गंभीर बीमारियों को लेकर जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही स्क्रीनिंग को लेकर कार्य किया जायेगा ताकि गंभीर बीमारियों की चपेट में आने वाले कैदियों का समय पर इलाज हो सके।

**नशा लेने वाले और एड्स मरीजों की हो नियमित काउंसलिंग**

केन्द्र से आई नाको की टीम ने देहरादून और हरिद्वार जनपद स्थित ओएसटी सेंटरों का निरीक्षण करने के साथ जरूरी दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हरिद्वार में जिला कारागार और जिला क्षय रोग अस्पताल परिसर स्थित ओएसटी सेंटर का निरीक्षण किया। टीम ने नशा लेने वाले लोगों व मरीजों की काउंसलिंग अनिवार्य करने पर जोर दिया। इसके साथ ही एड्स मरीजों की भी नियमित काउंसलिंग के निर्देश दिए। टीम ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार ने नशे के दवाओं की मांग को कम करने के लिए सार्थक कदम उठाए।

**ये रहे टीम में मौजूद**

केंद्र से आयी स्वास्थ्य विभाग की टीम में उप निदेशक स्वास्थ्य भारत सरकार डॉ. भवानी सिंह, स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय सलाहकार पारुल, कार्तिक, राज्य एड्स नियंत्रण समिति के उपनिदेशक संजय बिष्ट, सुनील सिंह के अतिरिक्त डीटीओ आरके सिंह, टीम लीडर सेतू हरमेन्द्र सिंह, सेतू के उत्तराखंड इंचार्ज सौरभ गुप्ता, अपर परियोजना निदेशक डॉ अजय नागरकर और डीडीटीआई के संजय सिंह मौजूद रहे।

# 100 सिगरेट पीने के बराबर होता है कमरे में मॉस्किटो रेपेलेंट जलाना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 8 मई , मच्छर भगाने वाले कॉइल हेल्थ टॉक्सिसिटी के साथ आते हैं.मच्छर कॉइल जलाना लगभग 100 सिगरेट पीने के बराबर होता है.कॉइल के धुएं के संपर्क में आने से फेफड़ों में कैंसर विकसित होने का खतरा हो सकता हैगर्मियां आते ही मच्छरों का मौसम भी अब चरम पर है. इससे डेंगू और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है. इनके भनभनाहट से गुस्सा आता है और इनके काटने पर खुजली होती है.कई बार तो मच्छरों का आतंक इतना बढ़ जाता है कि हम रात रात भर सो तक नहीं पाते नतीजतन, खुद को मच्छरों के काटने से बचाने के लिए, हम तुरंत क्रीम, कॉइल और मैट जैसे मच्छर भगाने वाले रिपेलेंट का इस्तेमाल करने लगते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये मच्छर भगाने वाले कॉइल हेल्थ टॉक्सिसिटी के साथ आते हैं.ऐसा हम नहीं कह रहे हैं ऐसा विशेषज्ञों का मानना है.



**मच्छर कॉइल जलाना 100 सिगरेट पीने के बराबर**

डॉ. कहते हैं कि हाल ही में लोगों को लाभ पहुंचाने और उन्हें कीड़ों के काटने से बचाने की संभावना के साथ बड़ी संख्या में मॉस्किटो रेपेलेंट बनाए गए हैं.मॉस्किटो रेपेलेंट के इस्तेमाल के लाभों के अलावा, इन पदार्थों के उपयोग से पर्यावरण और स्वास्थ्य विषाक्तता के जोखिम के बारे में चिंता बढ़ रही है. रेपेलेंट आपके शरीर के साथ प्रतिकूल प्रभाव पैदा कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं.घर के अंदर मॉस्किटो कॉइल और अन्य रेपेलेंट जलाने से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ रहे हैं.₹ एनवायरनमेंट हेल्थ प्रोस्पेक्टिव द्वारा प्रकाशित एक पुराने अध्ययन से अनुसार ₹यह कहना सही है कि एक सूट रूम में मच्छर कॉइल जलाना लगभग 100 सिगरेट पीने के बराबर होता है.कॉइल से भले ही तंबाकू का धुआं ना निकलता हो लेकिन ये हमारी सेहत के लिए काफी ज्यादा नुक-सानदायक होता है.क्योंकि इसमें बेंजो पायरेन्स, बेंजो फ्लूओरोथेन जैसे तत्व निकलते हैं.

**अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर का खतरा**

यह स्पष्ट है कि सिगरेट पीने से व्यक्ति के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. वैसे ही कॉइल के धुएं के संपर्क में आने से फेफड़ों में कैंसर विकसित होने जैसे अधिक गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों का खतरा पैदा होता है. इसके अलावा अस्थमा,सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्या हो सकती है. ऐसे स्वास्थ्य जोखिम से बचने के लिए बंद जगह पर कॉइल जला कर रहने से बचें.जब मच्छरों के हमलों का मौसम आता है तो मच्छर निरोधक आवश्यक होते हैं. हालाँकि, आप कुछ नेचुरल औऱ सुरक्षित विकल्पों पर स्विच कर सकते हैं ताकि आप दोगुने सुरक्षात्मक बने रहें.

# एक बार फिर जीवन रक्षक बने पुलिसकर्मी शाहनवाज़ : बचाई गर्भवती की जान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून पुलिस में एक जवान ऐसा भी है जो खाकी का फ़र्ज़ निभाता है तो समाज में अपना धर्म निभाने से कभी पीछे नहीं हटता है। जान बचाने के लिए वो अपने शरीर से रक्त को दान करने में एक मिसाल बन चुके है। शाइनिंग उत्तराखंड न्यूज़ ऐसे मित्र पुलिस के बेहतरीन जवान शहनवाज़ ने एक बार फिर केवल सोशल मीडिया के ज़रिये खबर पता चलने पर ब्लड डोनेट करने मरीज़ के पास पहुँच गए। व्हट्सअप ग्रुप के माध्यम से शाहनवाज़ को खबर मिली कि कोरोनेशन हास्पिटल में एक गर्भवती महिला जिसकी डिलीवरी के लिए आपरेशन होना है उसे रक्त की नितान्त आवश्यकता है।

सूचना प्राप्त होते ही पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के कार्यालय में पीआरओ शाखा में नियुक्त कां0शाहनवाज अहमद ने एक बार फिर मानवता की सेवा को सबसे बड़ा फ़र्ज़ मानते हुए अस्पताल पहुँच कर रक्तदान कर गर्भवती महिला की सहायता की ।

उनकी इस इंसानियत को न सिर्फ पुलिस परिवार बल्कि जिसने भी सूना वो प्रशंसा करते दिखाई दे रहा है। आपको भी ऐसे बेहतरीन जवानों से सबक लेते हुए मानवता की सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए क्योंकि न जाने कब आपको भी किसी शाहनवाज़ की ज़रूरत पड़ जाए।



# क्या आप जानते हैं नोट छापने में कितना रुपया लगता है ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ज्ञान वायरस की खबर में आज हम आपको आपकी नोट के बारे में दिलचस्प बात बता रहे हैं। दरअसल पेपर और इंक की कीमतों में भी उछाल देखने को मिला है. ऐसे में इसी वजह से प्रिंटिंग कॉस्ट भी बढ़ गई है. वहीं, RBI को सबसे ज्यादा प्रिंटिंग कॉस्ट 500 या 2000 रुपये की बजाए 200 रुपये की नोट पर देना पड़ता है.क्या आप जानते हैं...जो नोट या करेंसी इस वक्त आप पर्स में रखकर घूम रहे हैं उसकी छपाई के लिए भी पैसे लगते हैं?






जी हां करेंसी की छपाई के लिए भी RBI को अच्छा खासा प्रिंटिंग कॉस्ट देना पड़ता है. बढ़ती महंगाई में अब नोटों का प्रिंटिंग कॉस्ट भी बढ़ गया है. आईये आपको बताते हैं कि 10 रुपये से लेकर 2000 रुपये के नोट पर कितना प्रिंटिंग कॉस्ट लगता है. तो यहाँ हम आपको बता दें, पेपर और इंक की कीमतों में भी उछाल देखने को मिला है. ऐसे में इसी वजह से प्रिंटिंग कॉस्ट भी बढ़ गई है. वहीं, RBI को सबसे ज्यादा प्रिंटिंग कॉस्ट 500 या 2000 रुपये की बजाए 200 रुपये की नोट पर देना पड़ता है.

**10 और 200 रुपये की नोट की छपाई है महंगी**

जितनी छोटी करेंसी उतनी ज्यादा प्रिंटिंग कॉस्ट. यानि कि 10 रुपये की नोट पर सबसे ज्यादा प्रिंटिंग कॉस्ट लगती है. यानि 50 रुपये से ज्यादा पैसे 10 रुपये की नोट छापने में लगते हैं. इसी तरह 200 रुपये की नोट की छपाई के लिए सबसे ज्यादा RBI को खर्च करना पड़ता है. इसकी वजह ये है कि 2000 और 500 रुपये की नोट के मुकाबले 200 रुपए की नोट ज्यादा इस्तेमाल होती है. इसलिए इनकी प्रिंटिंग कॉस्ट भी हाई रहती है.

**इतनी लगती है प्रिंटिंग कॉस्ट**

RTI के मुताबिक, 10 रुपये की छोटी नोट की छपाई के लिए 1 हजार नोट छापने के लिए RBI को 960 रुपये देने होते हैं. इस तरह एक नोट की प्रिंटिंग कॉस्ट 96 पैसे हो जाती है. वहीं, 20 रुपये की 1 हजार नोट छापने के लिए 950 रुपये लगते है. यानि एक नोट की कॉस्ट 95 पैसे होती है. इसी तरह 500 रुपये की एक हजार नोट छापने के लिए 2290 रुपये लगते हैं.

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने क्यों लिखा सीएम धामी को पत्र ?






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 8 मई , नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राज्य की विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था की प्रशासनिक दुर्दशा पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए कहा कि , वर्तमान उत्तराखंड के 13 जिलों में से अधिकांश जिलों में मुख्य शिक्षा अधिकारी , जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अथवा प्राथमिक के महत्वपूर्ण पदों में से कोई न कोई खाली है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को प्रेषित अपने पत्र में लिखा कि, नैनीताल , देहरादून, उधमसिंहनगर और बागेश्वर , चमोली ,अल्मोड़ा आदि जिलों में इन तीन महत्वपूर्ण पदों में से कोई न कोई पद खाली है।

रुद्रप्रयाग जिले में तो ये तीनों महत्वपूर्ण पद रिक्त चल रहे हैं। उन्होंने लिखा कि , राज्य में खंड शिक्षा अधिकारियों के 40 से अधिक पद रिक्त हैं । नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि , काफी समय से जिले से लेकर ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के इतने अधिक पदों के खाली होने के कारण प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ रही है। उत्तराखंड में जहां एक और शासन नई शिक्षा निति की बातें कर रहा है वहीं जिलो में प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित तमाम अधिकारियों का टोटा है. इसके बावजूद भी इन पदों को भरने के लिए लंबे समय से कोई प्रयास नहीं किए गए हैं. जिसका सीधा असर कहीं न कहीं जिलो के सरकारी स्कूलों से विद्या प्राप्त करने वाले छात्रों पर पड़ रहा है. यशपाल आर्य ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था पटरी पर लाने हेतु मुख्यमंत्री से अतिशीघ्र माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा विभाग में अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने की मांग की ।



यशपाल आर्य
Yashpal Arya
नेता प्रतिपक्ष
Leader of Opposition

विधान भवन, देहरादून
Vidhan Bhawan, Dehradun
दूरभाष/(Tel):
का./Off. : 0135-2665733
फैक्स/Fax : 0135-2665144
आ./Resi. : 0135-2748200
फैक्स/Fax : 0135-2748200

सं./Noपत्रांक......71......मा.ने.प्र./वि.स.,/2023
दिनाँक/Date......06/05/2023

माननीय मुख्यमंत्री जी,

उत्तराखंड के 13 जिलों में से अधिकांश जिलों में मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक अथवा प्राथमिक के पदों पर अधिकारियों की तैनाती नही की गई है। नैनीताल, देहरादून, उधमसिंहनगर और बागेश्वर जिलों में कोई न कोई पद खाली है। रुद्रप्रयाग जिले में ये तीनों महत्वपूर्ण पद रिक्त चल रहे हैं। राज्य में खंड शिक्षा अधिकारियों के 40 से अधिक पद रिक्त हैं ।

काफी समय से अधिकारियों के इतने अधिक पदों के खाली होने के बाद प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ रही है।

मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने की कृपा करें।

आपका,

(यशपाल आर्य)

श्री पुष्कर सिंह धामी जी,
माननीय मुख्यमंत्री ,
उत्तराखंड।

प्रतिलिपि – डॉ धन सिंह रावत जी, माननीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार।

(यशपाल आर्य)

निवास: 17 ए, न्यू कैण्ट रोड, हाथीबड़कला, देहरादून – 248 001 (उत्तराखण्ड)
Residence: 17 A, New cantt. Road, Hathibarkala, Dehradun - 248 001 (Uttarakhand)

## संक्षिप्त खबरें

### निजी स्कूलों के खिलाफ 15वें दिन भी जारी रहा धरना

पिथौरागढ़। रि एडमिशन,मेंटिनेश शुल्क व अन्य मुद्दों को लेकर गांधी चौक में निजी स्कूलों के खिलाफ धरना 15वें दिन भी जारी रहा। रविवार को जाग उठा पहाड़ के संयोजक गोपू महर ने कहा कि निजी विद्यालयों ने रि एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से मनमाने खर्च वसूले हैं। गलियों में बिना मानकों के विद्यालय खोलकर अभिभावकों से बेतरतीब शुल्क लिए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग व निजी स्कूल भी शुल्क वसूलने की बात स्वीकार रहे हैं पर विद्यालयों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

### शांति भंग के आरोप में दो पर कार्रवाई

पिथौरागढ़। नगर में कोतवाली पुलिस ने शांति भंग के आरोप में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि तिलढुकरी स्थित सिचाई विभाग कॉलोनी के समीप दो लोग शराब पीकर अराजकता फैला रहे हैं। एसआई बसंत पंत के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची इस दौरान देवेन्द्र सिंह कार्की और संजय सिंह ऐर लड़ाई झगड़ा करते हुए मिले। पुलिस ने दोनों के खिलाफ भादवि की धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

### शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा

पिथौरागढ़। जनपद में शराब पीकर वाहन संचालित कर रहे लोगों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। कनालीछीना में थानाध्यक्ष जावेद हसन के नेतृत्व में पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान गर्जिया निवासी पंकज सिंह खोलिया शराब पीकर वाहन संचालित करते हुए पाया गया। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए वाहन सीज किया है।

### आदि कैलास यात्रा धारचूला से गुंजी रवाना

पिथौरागढ़। रविवार सुबह आदि कैलास यात्रा के 19 सदस्यी पहले दल को गुंजी को रवाना कर दिया गया। एसडीएम दिवेश शाशनी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा दल को हर हर महादेव के नारों के बीच यात्रा की मंगल कामना के साथ रवाना किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि मौसम ठीक रहने पर यात्रा नियमित जारी रहेगी। कुटी से ज्योलिंगकोंग के बीच बंद मार्ग को खोलने का कार्य भी जारी है। तीन से चार दिन मार्ग खुलने में लग सकते हैं कोशिश की जाएगी मार्ग को अति शीघ्र खोल दिया जाए जिससे यात्री आदि कैलाश के दर्शन भी कर पाएंगे इस दौरान यात्रा अधिकारी धन सिंह बिष्ट,कोतवाल कुंवर सिंह रावत,हरीश रायपा, पुनीत कुटियाल आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला हेतु पुलिस जवान ने किया रक्तदान

अल्मोड़ा। बेस अस्पताल अल्मोड़ा में भर्ती गर्भवती महिला को ओ प्लस ब्लड खून की जरूरत थी। सूचना मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल सूरज कुमार ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। महिला के परिजनों ने विक्रम सिंह का आभार जताया।

### वेस्ट मेटेरियल से सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया

अल्मोड़ा। उपवा की ओर से पुलिस लाइन अल्मोड़ा में प्रशिक्षण शिविर जारी है। प्रशिक्षण शिविर में पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों को वेस्ट मेटेरियल और पिरूल से विभिन्न प्रकार की सामग्रियां से वेस्ट बोतलों से झूमर, पेन स्टैंड, बेस्ट कागजों से कोस्टर सेट, मंदिर के लिए पूजा की टोकरिया एवं पिरुल से एयर रिंग आदि अन्य सजावट की सामग्रियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिला आरक्षी प्रेमा, महिला आरक्षी जमुना व पुलिस परिवार की महिलाएं मौजूद रही।

### 21 मई से शुरू होगा पांच दिनी योग शिविर

चम्पावत। चम्पावत में 21 मई से पांच दिनी योग शिविर का शुभारंभ होगा। शिविर के संचालन के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया। पतंजलि योग समिति की बैठक में सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की। चम्पावत में रविवार को पतंजलि योग समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष लोकमणी पंत ने बताया कि 21 से 25 मई तक योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोरलचौड़ मैदान में होने वाला योग शिविर सुबह पांच से सात बजे तक चलेगा। पालिकाध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि शिविर की व्यवस्थाएं पालिका की ओर से की जाएगी। शिविर के संचालन के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया गया। इस कार्य में छात्र संघ चम्पावत का सहयोग लेने पर सहमती जताई गई। शिविर को लेकर पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में समिति सदस्य आगामी 19 मई को डीएम, एसपी और सीडीओ से मुलाकात करेंगे। बैठक में डॉ.बीसी जोशी, प्रो.बीडी सुतेड़ी, डॉ.विवेक कुमार, इंद्र सिंह बोरा, राजेंद्र गहतोड़ी, कैप्टन केके जोशी, गिरीश जोशी, नारायण राम आिद मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रैफिक प्लान को लेकर बिफरे पर्यटक,

ऋषिकेश। वीकेंड पर श्यामपुर में पुलिस के ट्रैफिक प्लान को लेकर छिद्दरवाला में कुछ पर्यटक बिफर पड़े। उन्होंने गांव में हाईवे को क्रॉस कर नेपालीफार्म की तरफ जाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। पर्यटकों की जिद पर पुलिस कर्मियों ने सख्ती दिखाते हुए निर्धारित रूट से ही उन्हें भेजा। इस दौरान हाईवे पर देहरादून जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। रविवार को छिद्दरवाला में चौराहे पर हाईवे क्रॉसिंग को लेकर कुछ पर्यटकों ने हंगामा किया। उन्होंने लगातार हाईवे के दूसरी ओर से नेपालीफार्म जाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें ऐसा नहीं कर दिया। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि पुलिस निर्धारित प्लान का सख्ती से पालन करा रही है। उधर, शहर में विभिन्न तिराहों-चौराहों में वाहनों का दबाव बढऩे से दिक्कत आई। शहर में तंग तिराहों पर वाहनों का दबाव बढऩे से कई बार जाम लगा। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि शहर में जाम से निपटने को सभी तिराहे-चौराहों पर पुलिस तैनात की गई है। वीकेंड पर अतिरिक्त पुलिस लगाई गई है। रूट डायवर्ट करने के बाद शहर में जाम से काफी राहत मिली है।


### गंगोत्री, यमुनोत्री के दर्शन कर बर्फबारी का उठाया लुत्फ

उत्तरकाशी। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में रविवार को श्रद्धालुओं ने बारिश व बर्फबारी के बीच दर्शन किए। बारिश के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु धामों में पहुंचे और मां गंगा व यमुना के दर्शन किए। खराब मौसम के बावजूद हर दिन सात से आठ हजार यात्री गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के दर्शन कर वापस लौट रहे हैं। खराब मौसम के बीच गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में रविवार को हल्की बर्फबारी हुई। जिसका धामों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर लुत्फ उठाया। रविवार को जिले में दिनभर तेज हवाओं के साथ ही रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में मंगलवार रात पारा लुढक़ने पर हल्की बर्फबारी भी हुई। गंगोत्री मंदिर समिति के पूर्व सह सचिव राजेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री धाम में रविवार दोपहर को हल्की बर्फबारी हुई, लेकिन बारिश का दौर देर रात से जारी है। जबकि यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम और आसपास की पहाडिय़ों पर बर्फबारी हो रही है। बारिश के बीच बड़ी संख्या में धामों में पहुंच कर दर्शन कर रहे हैं।

### गंगोत्री धाम में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जुटे देशभर के संत

उत्तरकाशी। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में आयोजित 9वां स्वामी लक्ष्मण दास अवधूत मेमोरियल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 107 विद्वानों, छात्रों, संतों, गंगोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों व युवा सदस्यों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर धाम में स्थित लक्ष्मण उपवन में पौधारोपण के साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 138 मरीजों, साधु संतो का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। रविवार को गंगोत्री धाम में स्वामी लक्ष्मण दास अवधूत ट्रस्ट की ओर से जलवायु परिवर्तन, विश्व शांति एवं सांप्रदायिक सद्भाव विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में संत लक्ष्मण दास अवधूत ने लोगों से वसुधैव कुटुंबकम की भावना का परिचय देने की बात कही।

## संपादकीय



### आतंकवाद का प्रवक्ता


पाकिस्तान आतंकवाद का बढ़ावा देने वाला, हिमायती और प्रवक्ता देश है। आतंकवाद और उसके वित्त-पोषण को तुरंत रोका जाना चाहिए। सीमापार आतंकवाद समेत उसके सभी स्वरूपों को खत्म किया जाना चाहिए। आश्चर्य है कि जब दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी और उसके चौतरफा प्रभावों से जूझ रही थी, उनसे निपटने में लगी थी, तब भी आतंकवाद ज्यों का त्यों बरकरार रहा। आतंकवाद की अनदेखी करना 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के सदस्य-देशों के सुरक्षा-हितों के लिए हानिकारक होगा, लिहाजा आतंकवाद के खिलाफ कारगर कार्रवाई के लिए आपसी सहमति, सहयोग और एकजुटता अनिवार्य है। बेशक मंच एससीओ का था, लेकिन ऐसा आभास हो रहा था मानो भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर पूरी दुनिया को संबोधित कर रहे थे और आतंकवाद के प्रति आगाह कर रहे थे। जयशंकर को इतने सख्त लहजे में बोलते हुए हमने कभी नहीं सुना। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को परोक्ष रूप से 'आतंकवाद के उद्योग का प्रवक्ता' करार दे दिया। बिलावल ने विदेश मंत्री के तौर पर पहली बार एससीओ देशों की बैठक में शिरकत की थी। बिलावल ने कहा कि आतंकवाद को कूटनीति से अलग रखा जाना चाहिए। अलबत्ता उन्हें मजबूरन यह बोलना पड़ा कि हमारे लोगों की सामूहिक सुरक्षा हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है। आतंकवाद वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने कश्मीर, अनुच्छेद 370 और जी-20 देशों की बैठक का मुद्दा उठाया, तो हमारे विदेश मंत्री जयशंकर ने साफ जवाब दिया कि अनुच्छेद 370 अब 'इतिहास' है। जी-20 की बैठक से पाकिस्तान का कोई लेना-देना नहीं है और अब पाकिस्तान यह बताए कि वह अपने अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को कब खाली करेगा? एससीओ में भारत समेत चीन, रूस, उज़्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, कजाख़स्तान और पाकिस्तान आदि कई देश सदस्य हैं। फिलहाल भारत इस संगठन की अध्यक्षता कर रहा है और गोवा में सदस्य-देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक थी। अब रक्षा मंत्रियों की भी बैठक होनी है। भारत ने साझा घोषणा-पत्र के लिए जो प्रस्ताव दिए हैं, उनमें आतंकवाद समेत मोटे अनाज, ऊर्जा, भोजन, उर्वरक, जलवायु परिवर्तन आदि मुद्दे भी हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# माताश्री मंगला से मसूरी के विकास के लिए मांगा सहयोग : गणेश जोशी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून ,8 मई , कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हंस फाउंडेशन की संस्थापक माता मंगला से उनके निजी आवास में भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ी कैंट में परमवीर चक्र से अलंकृत मेजर धन सिंह थापा द्वार तथा कैप्टन दल बहादुर थापा द्वार का निर्माण करने का अनुरोध किया।

मसूरी में वाल्मीकि मंदिर के निकट टिन शेड का निर्माण एवं मसूरी के आईडीएच बिल्डिंग के निकट शिफन कोट के प्रभावित परिवारों के लिए आवासीय भवन निर्माण के कार्य तथा बिलासपुर काड़ली में 11 जीआरआरसी जूनियर हाईस्कूल, विलासपुर काड़ली के विद्यालय भवन निर्माण को लेकर भी सहयोग का अनुरोध किया। मंत्री गणेश जोशी ने हंस फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में किए जा कार्यों की भी सराहना भी की। हंस फाउंडेशन की संस्थापक माता मंगला ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए सहयोग का पूरा भरोसा दिलाया।

# 2024 के लिए सपा उत्तराखंड की टीम तैयार, डॉ राजेन्द्र पराशर बने उपाध्यक्ष

**नवनियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत**



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार , 8 मई , समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने 2024 के चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी का विस्तार करते हुए सपा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर डा राजेंद्र पाराशर, प्रदेश सचिव महंत शुभम गिरि, ग्रामीण जिलाध्यक्ष हरिद्वार साजिद अंसारी, व सपा महानगर अध्यक्ष हरिद्वार पद पर लव दत्ता को मनोनित किया गया है।समाजवादी पार्टी कार्यालय ललतारो पुल पर नवनियुक्त पदाधिकारियों के पहुंचने पर सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदशेखर यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा की जन विरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है और अब सपा की नीतियों से प्रभावित होकर 2024के चुनाव में विकल्प रूप में देख रही है।नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डा राजेंद्र पाराशर ने कहा कि वे सपा के सच्चे सिपाही है सपा सुप्रीमो ने तीसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष की जो जिम्मेदारी सौंपी है उसपर खरा उतर कर समाजवादी पार्टी की जनहितकारी नीतियों को उत्तराखंड में जन जन तक पहुंचाने का काम करेगे।

**सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर डा राजेंद्र पाराशर, प्रदेश सचिव महंत शुभम गिरि तैनात**

सपा के प्रदेश सचिव महंत शुभम गिरि व सपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष साजिद अंसारी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी हैं और अब सपा को विकल्प के रूप में देख रही है समाजवादी पार्टी 2024के लोकसभा चुनाव में मजबूती से चुनाव लडेगी और देश व प्रदेश की जनता को राहत देने का काम करेगी।नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष लव दत्ता ने प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल का आभार जताते हुए कहा कि सपा नेतृत्व ने जो तीसरी बार मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतर कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महानगर हरिद्वार में सपा को मजबूत करने के लिए जनता की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक धरना प्रदर्शन कर जनता को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। सपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का कपिल शर्मा जोनसारी, जाफरी प्रधान,अभिलेख शर्मा, अजय अग्रवाल,मांगेराम शर्मा प्रधान,राहुल गिरि, पंकज वर्मा,सोमपाल,ठाकुर सुभाष सिंह,रिंकू शर्मा,मनीष पंत, सूरज शर्मा,सोमनाथ,मंगल सिंह आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया और ढोल की थाप पर नाचे।



# साइबर एनकाउंटर्स में सत्य घटनाये लोगों को करेंगी जागरूक : मुख्यमंत्री

## डीजीपी अशोक कुमार की एक और शानदार किताब का हुआ विमोचन






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 8 मई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''साइबर एनकाउंटर्स'' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक डीजीपी उत्तराखण्ड अशोक कुमार एवं पूर्व डी.आर.डी.ओ वैज्ञानिक ओ.पी. मनोचा द्वारा लिखी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह पुस्तक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर लिखी गई है। इसके लिए उन्होंने दोनों लेखकों एवं प्रभात प्रकाशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अशोक कुमार एवं ओ.पी मनोचा ने साइबर अपराधों का विश्लेषण करती व सत्य घटनाओं पर आधारित यह पुस्तक लिखी है, इससे साइबर अपराधों से बचने में पाठकों को बहुत मदद मिलेगी । उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में जहां एक ओर सच्ची घटनाओं का जिक्र करते हुए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है, वहीं दूसरी ओर पुस्तक मनोरंजक भी है। पुस्तक का एक-एक पृष्ठ लोगों को साइबर क्राइम से बचाव के लिए प्रेरित करने का कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तक की अनिल रतूड़ी और प्रो. सुरेखा डंगवाल ने समीक्षा की, जो पुलिस, प्रशासन एवं समाज को भली प्रकार समझते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुस्तक के कुछ मुख्य अंशों का जिक्र भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती है और प्रदेश के डीजीपी द्वारा इस चुनौती के सम्बन्ध में जनता को जागरूक करना इस पुस्तक की प्रासंगिकता को और भी अधिक बढ़ा देता है। आज जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती जा रही है, वैसे-वैसे साइबर क्राइम का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है। साइबर अपराध पुलिस और अपराधियों के बीच कभी न खत्म होने वाला एक ऐसा खेल है, जिसमें दोनों ही एक दूसरे से आगे रहने की होड़ में रहते हैं। साइबर अपराध का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ना इस बात की ओर भी संकेत करता है कि अपराधी रोज नई-नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस भी रोजाना नई-नई तकनीकों का सहारा लेकर अपराधियों के द्वारा बिछाये जा रहे इस जाल को तोड़ने का कार्य कर रही है।

हम स्वयं भी इस तकनीकी अपराध से बच सकते हैं, बस जरूरत है हमें जागरूक होने की।पुस्तक के लेखक डीजीपी अशोक कुमार ने पुस्तक विमोचन के अवसर पर साइबर अपराध से जुड़ी अनेक घटनाओं की जानकारी दी। साइबर अपराध से बचाव के लिए हमें किस प्रकार सतर्क रहना है, इसकी भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी।

साइबर अपराध और उससे पार पाने के लिए हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसकी भी उन्होंने जानकारी दी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पूर्व महा-निदेशक अनिल रतूड़ी, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, प्रभात प्रकाशन से पियूष कुमार, डॉ. अलकनंदा अशोक, शक्ति मनोचा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# सहसपुर में लगा सबसे बड़ा हेल्थ कैम्प 2500 से ज्यादा स्वास्थ्य परीक्षण

## श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने खुशहालपुर और लक्ष्मीपुर गांवों को लिया गोद






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 8 मई , श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर श्री गुरु राम राय इंटर कॉलेज, सहसपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से रोगियों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गईं। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से मरीज़ों की निःशुल्क ईसीजी, ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन व ब्लड प्रेशर जॉचें भी की गईं। शिविर में सहसपुर, ढाकी, शंकरपुर, रामपुर, लक्ष्मीपुर, खुशहालपुर, प्रतीतपुर, छरबा, रामपुरकलां, अब्दुलापुर, सभावाला, माजरी, जस्सोवाला, सेंट्रल हॉपटाउन, सेलाकुई, राजावाला व विकासनगर आदि क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर शिविर का लाभ उठाया। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने खुशहालपुर और लक्ष्मीपुर गांव को गोद लिया। दोनों गावों की ओर से ग्राम प्रधानों ने और विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ अजय कुमार खण्डूड़ी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

यह सहसपुर के इतिहास में अब तक सबसे बड़ा स्वास्थ्य शिविर रहा जिसमें इतनी भारी तादाद में मरीज़ चिकित्सकीय परामर्श एवम् उपचार लेने के लिए पहुंचे। शिविर की विशेष बात यह रही के कॉर्डियोलॉजी, कैंसर विभाग, आईवीएफ के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने भी मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिए। श्री गुरु राम राय इण्टर कॉलेज, सहसपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुण्डीर, डॉ अजय कुमार खण्डूड़ी, कुलसचिव, श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय, डॉ प्रेरक मित्तल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल और डॉ रविन्द्र सैनी, प्रधानाचार्य, एसजीआरआर इण्टर कॉलेज सहसपुर ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की ओर से सहसपुरवासियों के लिए यह उल्लेखनीय पहल है।

उन्होंने अस्पताल के सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ व सहयोगी स्टाफ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों को भारी राहत मिली है। उन्होंने भविष्य में भी सहसपुर में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाने की अपील की। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अजय कुमार खण्डूड़ी ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद मरीजों को दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सुवधिाएं पहुंचाने के लिए श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल कृतसंकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज का यह ध्येय है कि हर स्तर पर मानवता की सेवा की जाए व उत्तराखण्ड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों सहित पहाड़ के दूरस्थ गावों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाया जाए। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन इसी विचारधारा को वास्तविक स्वरूप देने का सकारात्मक प्रयास है। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रेरक मित्तल ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की की स्पेशलिटी व सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ रविन्द्र सैनी, गणेश बिडालिया, प्रधानाचार्य, एसजीआरआर पब्लिक स्कूल, विकासनगर, प्रभात सिंह भण्डारी, प्रधानाचार्य, एसजीआ-रआर पब्लिक स्कूल, सहसपुर ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन डॉ वाणी ने किया।

शिविर में श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल कॉर्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सलिल गर्ग, कैंसर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पंकज कुमार गर्ग, आईवीएफ केन्द्र प्रभारी डॉ आकृति गुप्ता, मेडिसिन विभाग से वरिष्ठ फिजिशियन डॉ ए.एन. पाण्डे व डॉ नियाज अहमद, छाती एवम् श्वास रोग से डॉ संजीव कमार, स्त्री एवम् प्रसूति विभाग से डॉ किरन कुंवर व डॉ फिरोजा महक, नेत्र रोग विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ तरन्नुम शकील व डॉ मोनिका जैन, नाक कान गला रोग विभाग से डॉ ऋषभ डोगरा व डॉ फात्मा अंजुम, दंत रोग विभाग से डॉ रिक चटर्जी, सर्जरी विभाग से डॉ प्रांजल ममगाईं व डॉ मोहम्मद फैसल, शिशु रोग विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ उत्कर्ष शर्मा व डॉ शीबा, हड्डी रोग विभाग से डॉ बिलाल कलीम व डॉ अनुपम, मनोरोग विभाग से डॉ संजीव बनी पाणिग्रही व त्वचा रोग विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ एस.डी.एस.रावत व डॉ चिदम्बरा ने रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गुरु राम राय इण्टर कॉलेज, सहसपुर के अध्यापकों, स्टाफ व छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।